







# विकास की नई उड़ान और उपलब्धियों के साथ 2025 अलविदा, 2026 के स्वागत के साथ नई उम्मीदें

## कई यादे और विकास दे गया 2025, एयरपोर्ट नई उड़ान के साथ नवीन कोर्ट भवन की सौगात, महाकुंभ का सबसे लंबा जाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 दिसम्बर, रीवा के लिये वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा. कई चुनौतियों के साथ उपलब्धियां भी मिली. खट्टी-मीठी यादो के साथ 2025 की विदाई के साथ नूतन वर्ष 2026 का स्वागत रात से ही शुरू हो गया. सुबह की किरणो के साथ रीवा एक नया अध्याय लिखेगा. निश्चित रूप से नूतन वर्ष भी कई उपलब्धि और सौगातो से भरा होगा.**

रीवा को वह सब कुछ मिला जो मिलना चाहिये. राजनीति घटनाक्रम चर्चित मामले विकास की सौगात सहित उपलब्धियों से भरा रहा 2025, रीवा-सिंगरौली रेल परियोजना में रामपुर नैकिन तक रेल लाइन बिछ गई और 29 सितम्बर को ट्रायल भी हुआ. इसी तरह पहली बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रीवा के प्रो0 रघुराज किशोर तिवारी बनाए गये. वही भाजपा में पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता को जिलाध्यक्ष का ताज मिला. रीवा जिले के लिए 2025 कई उपलब्धियों के लिए याद किया जाएगा. रीवा में जनवरी और फरवरी का महीना प्रयागराज महाकुंभ की चुनौती लेकर आया. सड़कों पर असंख्य वाहनों को व्यवस्थित करने और हजारों तीर्थयात्रियों को सहायता पहुंचाने के लिए प्रशासन ने एड़ी-चोटी का जोर लगाया. बेला से लेकर चाकघाट तक कई बार वाहनों का महाजाम लगा. प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी के साथ इन कठिन परिस्थितियों में तीर्थयात्रियों की सेवा की तथा व्यवस्थाएं बहाल कराई. मुख्यमंत्री ने रीवा प्रशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की.

**जख्म दे दिया गड़रा कांड** - मऊगंज जिले के गड़रा गांव में हुई हिंसा गहरा जख्म दे गया. युवक की अपहरण और हत्या के बाद उग्र भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया और इस हमले में एएसआई रामचरण गौतम शहीद हो गये और कई घायल हुए. इसी साल रीवा की धरती में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे. प्रदर्शन के बाद 17 सितम्बर को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्रीनिवास तिवारी की जन्म शताब्दी पर प्रतिमा अनावरण किया गया.





**जश्न में डूबा शहर, चौराहो में पुलिस** -वर्ष 2025 की विदाई और नववर्ष के स्वागत में शहर जश्न में डूबा रहा. ऐसा कोई होटल, रेस्टोरेंट नही बचा जहा पार्टी न हो. देर रात तक फिल्मी गानो पर युवक-युवतियां थिरकते नजर आए. रात 12 बजते ही जमकर आतिशबाजी की गई. चारो तरफ देर रात तक जश्न का माहौल था. वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही. हार्न मारती हुई पुलिस की गाड़ियां चौराहो और सड़को पर दौड़ती रही. इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग प्वाइंट बनाए गये. जहा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की जांच की गई. रात 8 बजे से दुकाने बंद हो गई थी और जश्न स्थलों पर भीड़ रही.





### 2025 उपलब्धियों से भरा रहा और 2026 का एक्शन प्लान



वर्ष 2025 नगर पालिक निगम रीवा के लिये उपलब्धि और सौगात से भरा रहा. कई उपलब्धियां नगर निगम के खाते में जहा आई. वही 2026 के लिये कार्य योजना तैयार की गई है जो शहर को विकास के पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करने में मील का पत्थर साबित होगी. स्वच्छता में बेहतर अंक लाने सहित कई योजनाएं तैयार की गई है जिनको अमली जामा पहनाने के लिये नगर निगम कमिश्नर डा. सौरभ सोनवणे एक्शन प्लान तैयार कर अपनी टीम के साथ जुट गये है. निगम आयुक्त ने बुधवार को उपलब्धियों एवं आने वाले वर्ष की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की.

:-स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, नगर निगम रीवा को मिला 5 स्टार, देश में पांचवां स्थान

:-कबाड़ से कमाल के तहत शहर भर में सुंदर कलाकृतियों का स्थापना सैनिक, झाडू लगाती महिला, अटल पार्क में मुर्गा आदि

:-जल संरक्षण के उपायों एवं जल गंगा अभियान अंतर्गत 2 बड़े तालाब चिरहुला एवं बाणसागर की व्यापक सफाई करते हुए जलकुंभी हटाना

:-शहर के पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, 31 कुओं को पुनर्जीवन

:-अतिक्रमण हटाकर यातयात सुगम, कोठी कम्पाउन्ड के पास फूल माला के दुकानों का व्यवस्थापन

:-साईं मंदिर के सामने वर्षों पुराने अतिक्रमण हटाया गया, खन्ना चौराहा का वर्षों पुराना अतिक्रमण भी हटाया गया.

:-अतिक्रमण हटाकर योजनाओं का क्रियान्वयन एवं स्लम बस्ती का रिहैबिलिटेशन, जिनमें पुराने गोल क्वार्टर का अतिक्रमण, कमांडेंट बंगला रोड का अतिक्रमण हटाना, 3 एकड़ में फैले निराला नगर बस्ती का अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थापन

:-डिजिटल निगरानी और नागरिक सुविधा, शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना

:-कंट्रोल रूम के तहत टोल-फ्री नंबर के माध्यम से नागरिक शिकायतों का त्वरित निराकरण

:-मुख्यमंत्री से माई रीवा सिटीजन ऐप का शुभारम्भ एवं ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार

:-खुले मे मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुये, मटन व्यापारियों को केंद्रीकृत कर झिरिया स्थित मट्टन मार्केट बनाया गया

:-ऊर्जा ऑडिट के माध्यम से बिजली खपत में कमी, स्मार्ट मीटर की स्थापना, सोडियम लाइट्स बदलकर एलईडी स्ट्रीट लाइट्स एवं ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग

:-शहर मे हरित क्षेत्र बढ़ावा देने हेतु वर्तमान वर्ष मे 60000 पौधों का पौधारोपण एवं संधारण सुनिश्चित करना.

:-कॉलेज चौराहा, सुभाष चौराह, पीटीएस चौराहा, सिविल लाइन्स में ग्रीन स्पेस विस्तार कर सौंदर्गीकरण करना

:-नए नवाचारों से शहर में सौंदर्गीकरण करना, जैसे हैशटैग रीवा सेल्फी प्वाइंट, सीड ऑफ लाइट लाइटिंग ट्री, एल ई डी क्यूब आदि

:-नवाचारात्मक पहल के तहत अटल पार्क में हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का नियमित आयोजन जिनमें बच्चों, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए पारंपरिक खेल, योग एवं आनंद की गतिविधिया, ओपन माइक का आयोजन

:-दिवाली में जरूरतमंदों के लिए डोनेशन ड्राइव का संचालन

:-प्रशासनिक कार्यों हेतु 15 इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग

#### वर्ष 2026 की कार्ययोजना

:-शहरवासियों को नियमित निर्वाध एवं शुद्ध जल

:-मार्च 2026 तक अमृत परियोजना के समस्त कार्य पूर्ण का लक्ष्य

:-नई पाइप लाइन सम्पूर्ण शहर में नियमित जलापूर्ति

:-महानगरो की तर्ज पर शहर में प्रथम चरण में सात स्मार्ट टायलेट की स्थापना

:-शहर में स्मार्ट सिटी जैसी सुविधाएं, प्रमुख स्थानों पर स्मार्ट बस स्टाप, 13 स्टाप का रेनोवेशन, 14 नए बस स्टाप की स्थापना

:-ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देते हुए 6 ई बस का संचालन जनवरी से

:-20 नए इलेक्ट्रिक कचरा कलेक्शन वाहनो की शुरूआत

:-कोठी कम्पाउंड में मल्टीलेवल पार्किंग, लागत 52 करोड़

:-टाउन हाल को गीता भवन के रूप में विकसित करना

:-रानी अजब कुमारी की बावड़ी का जीर्णोद्धार एवं पार्क निर्माण

:-क्लाक टावर का जीर्णोद्धार,

:-वाच टावर का संरक्षण और मरम्मत, साइट का सौन्दर्यीकरण और आधुनिक सुविधाएं, रूफटाप कैफे और रेस्टोरेंट

:-रतहरा नहर सौन्दर्यीकरण परियोजना, कोठी कम्पाउंड डबलपमेंट परियोजना, सार्वजनिक चौराहो का सौन्दर्यीकरण आदि किया जाएगा.

### वर्ष के अंत में रीवा पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री

इस वर्ष 27 जनवरी को चित्रकूट में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन हुआ. केन्द्रीय गृहमंत्री ने नानाजी देशमुख को श्रद्धासुमन अर्पित किए. साल के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसम्बर को केन्द्रीय गृहमंत्री का रीवा जिले के बसामन मामा गौ अभ्यारण्य आगमन हुआ. केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह तथा मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के माडल का शुभारंभ किया. इस वर्ष प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए गए. जिले में पाँच हजार से अधिक किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाया.

### सुपर अस्पताल को मिली करोड़ों की आधुनिक मशीने

इस साल रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को कई आधुनिक मशीनें मिलीं. यहाँ हृदय रोग और अन्य रोगों के कई जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए. संजय गांधी हास्पिटल के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 321 करोड़ 94 लाख रुपए के कार्य शुरू हुए. सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के विस्तार का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है. कार्डियोलॉजी विभाग ने वर्ष 2025 में हृदय रोग के इलाज के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है. हमने मध्य प्रदेश राज्य में सर्वाधिक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी प्रक्रियाएं पूरी की हैं, जिसमें 13,000 सफल प्रक्रियाएं संपन्न हुई. रीवा में 26 और 27 जुलाई को पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. इसमें पर्यटन के क्षेत्र में 3001 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव मिले. प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक गतिशील बनाने के लिए ई आफिस व्यवस्था इस वर्ष लागू की गई. रीवा में संभागीय कार्यालयों ने इस व्यवस्था को तेजी से अपनाया. अक्टूबर माह से रीवा संभाग ई आफिस व्यवस्था में प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है.

### रीवा से उड़ान का सपना हुआ साकार

रीवा में 22 अक्टूबर 2024 को रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण होने के साथ छोटे विमानों का संचालन शुरू हुआ. रीवा से जबलपुर, भोपाल, सिंगरौली और खजुराहो के लिए विमान सेवाएं शुरू हुईं. रीवा के लिए 2025 दिल्ली और भोपाल के लिए 72 सीटर विमानों की सौगात लेकर आया. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 10 नवम्बर को वर्चुअल माध्यम से रीवा से दिल्ली 72 सीटर हवाई सेवा का शुभारंभ किया. इसमें आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है. रीवा जिले के साथ-साथ सतना, सीधी, सिंगरौली, कटनी, मऊगंज और प्रयागराज के भी यात्री इसका उपयोग कर रहे हैं. रीवा एयरपोर्ट से 22 दिसम्बर को इंदौर के लिए 72 सीटर विमान की सेवा शुरू हुई. यह सेवा प्रतिदिन है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसका शुभांरभ किया. बड़ी संख्या में लोग इस विमान सेवा का उपयोग करके उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन को जा रहे हैं. इन विमान सेवाओं के शुरू होने से विन्ध्य में पर्यटन, शिक्षा, उद्योग तथा चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास के अवसर बढ़ेंगे.

### एक मंच पर नौसेना और थल सेना अध्यक्ष

इस वर्ष 31 अक्टूबर को रीवा में सैनिक स्कूल में नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी तथा थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंच साझा किया. दोनों सेनाध्यक्ष सैनिक स्कूल रीवा के पुरा छात्र हैं. संयोगवश दोनों वर्तमान में जल और थल सेना की कमान संभाल रहे हैं. यह विन्ध्य के लिए बहुत बड़ा गौरव है. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में शामिल होने के लिए सात नवम्बर को रीवा पधारे.

### अटल पार्क और न्यायालय की सौगात

रीवा को इस साल कई बड़े निर्माण कार्यों की सौगात मिली. बीहर नदी में बनाए जा रहे रिवर फ्रंट के बाएं किनारे का लोकार्पण किया गया. शहर के मध्य में कई एकड़ में फैले अटल पार्क की सौगात नगरवासियों को मिली. सुबह-शाम की सैर करने वालों के लिए यह बड़ी सौगात है. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 4 मई को तीन खण्डों में निर्मित नवीन जिला न्यायालय भवन का लोकार्पण किया. इसमें न्यायाधीशों, पक्षकारों तथा वकीलों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं. इसी दिन मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राजनिवास सर्किट परिसर में इंडो-यूरोपियन शैली में बनाए गए 10 कक्षों के नए सर्किट हाउस भवन का भी लोकार्पण किया. इसी साल जिला अस्पताल में नवीन ओपीडी भवन तथा तीन विद्युत सब स्टेशनों की भी सौगात मिली. रीवा से गुजरने वाली ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन के निर्माण कार्यों में तेजी आई. इस वर्ष रीवा से सीधी जिले में रामपुर नैकिन तक ट्रेन दौड़ी. रामपुर नैकिन से चुरहट तक का निर्माण कार्य भी एक माह में पूरा हो जाएगा. सतना से पन्ना की ओर भी नागौद तक रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूरा हो गया है.







## उप संचालक केपी तिवारी सेवानिवृत्त



रीवा, 31 दिसम्बर, जेडी कार्यालय रीवा में पदस्थ केपी तिवारी उपसंचालक का रिटायरमेंट उपरांत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जेडी रीवा नीरव दीक्षित ने शाल एवं स्मृति चिन्ह, श्रीफल से तिवारी जी को सम्मानित किया. भावपूर्ण विदाई समारोह में श्री तिवारी ने रीवा संभाग के शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों को आभार व्यक्त किया गया है. विदाई समारोह में नीरव दीक्षित जेडी रीवा ने तिवारी जी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया. सम्मान समारोह में श्याम नारायण शर्मा पूर्व डाइट प्राचार्य, राम राज मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी रीवा, राजेश मिश्रा सहायक संचालक, टीपी शुक्ला सहायक संचालक, वीणा त्रिपाठी सहायक संचालक, विवेक पटेल आदि मौजूद रहे.

## भाजपा को पटकनी देकर कांग्रेस की बनी नगर पंचायत अध्यक्ष, विधायक अभय मिश्रा की चाणक्य नीति का परिणाम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 दिसम्बर, सेमरिया नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिये हुए सीधे चुनाव में भाजपा को पटकनी देकर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है. नववर्ष में कांग्रेस को उपहार के रूप में जनता ने अध्यक्ष के रूप में दिया है. 743 मतो से श्रीमती पदमा रोहणी कुशवाहा ने जीत दर्ज की है.**



क्षेत्रीय विधायक अभय मिश्रा की चाणक्य नीति और समन्वय बनाकर की गई घेराबंदी का परिणाम है कि भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ा. सत्ता और भाजपा की रणनीति के बावजूद कांग्रेस ने चुनाव जीत कर भाजपा से यह सीट छीन ली. भाजपा ने पूरी ताकत चुनाव में झोक दी लेकिन विधायक अभय मिश्रा की योजना सफल रही. नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद के लिये हुए चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक पाण्डेय चुनाव जीते. भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को हार का मुंह देखना पड़ा. रीवा में पहली बार अध्यक्ष के लिये जनता द्वारा चुना गया है. कांग्रेस प्रत्याशी पदमा रोहणी कुशवाहा को 4391 मत मिले, जबकि भाजपा की आराधना विश्वकर्मा को 3648 मत प्राप्त हुए. इस तरह से 743 मतो से कांग्रेस की जीत हुई. 8172 मत पड़े थे जिसमें 133 मत नोटा में गए. कांग्रेस की निर्वाचित अध्यक्ष को एसडीएम द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया.

### सेमरिया की जनता के विश्वास की जीत : पदमा रोहणी

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पदमा रोहिणी कुशवाहा ने अपनी जीत के बाद सेमरिया की जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरे सेमरिया की जनता की उम्मीदों, विश्वास और एकजुटता की जीत है. उन्होंने प्रत्येक मतदाता, कार्यकर्ता और समर्थक को इस विजय का वास्तविक सहभागी बताया. उन्होंने यह भी कहा कि अब चुनाव समाप्त हो चुका है और आगे सभी को साथ लेकर सेमरिया के विकास के लिए मिल-जुलकर काम किया जाएगा. उन्होंने कहा, 'सेमरिया की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उस पर पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ खरी उतरने का प्रयास करूंगी.

## उप मुख्यमंत्री आज बसामन मामा में लेंगे समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

रीवा, 31 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एक जनवरी को सुबह 9 बजे बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में संचालित गतिविधियों एवं प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे.

उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे बसामन मामा से चित्रकूट रवाना होंगे तथा चित्रकूट में कामतानाथ मंदिर में दर्शन पूजन कर कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा करेंगे. श्री शुक्ल शाम 5 बजे मैहर पहुंचकर माँ शारदा देवी के दर्शन करेंगे तदुपरांत रात 9.20 बजे मैहर से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल रवाना हो जायेंगे.


नववर्ष 2026 की नईगढ़ी एवं मऊगंज जिले वासियों को

हार्दिक शुभकामनाएं

नया साल आपके जीवन में खुशियां, सफलता और शांति लाए नया वर्ष नई उम्मीदे और नई शुरूआत

के साथ सभी के लिये

मंगलकामनाएं

.....बधाई



ममता कुंजबिहारी तिवारी

अध्यक्ष जनपद

पंचायत नईगढ़ी



कुंजबिहारी तिवारी

संयोजक

अगस्त क्रांति मंच फाउंडेशन